# प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 07.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

## मुख्य समाचार

**1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 18 से 26 जनवरी तक प्रस्तावित दावोस और लंदन दौरे की तैयारियों की समीक्षा की, निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन इसका उद्देश्य।**

**2. झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने हजारीबाग में की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को सभी लंबित मामलों का शीघ्र और समयबद्ध निष्पादन का निर्देश।**

**3. केंद्र सरकार झारखंड के औद्योगिक विकास में करेगी सहयोग, रांची से साहेबगंज के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के मिसिंग क्षेत्रों में होगा सड़क निर्माण ।**

**4. रांची में आज से राष्ट्रीय बहुभाषी शिक्षा सेमिनार का आयोजन , देश भर से शिक्षाविद होंगे शामिल, विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे उद्घाटन**

**5. राज्य में कोहरा और कनकनी से जनजीवन प्रभावित, कई जिलों में आज भी शीतलहर का येलो अलर्ट ।**

**************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कल रांची में 18 से 26 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित दावोस तथां लंदन दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में झारखंड की खनिज संपदा, औद्योगिक ढांचा, पर्यटन क्षमता और निवेश संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी तैयारियाँ सुव्यवस्थित हों और यह अंतरराष्ट्रीय दौरा राज्य में निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर बने।

**************************

झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने हजारीबाग में समीक्षा बैठक की। इसमें समिति के सभापति मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और सदस्य सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो मौजूद रहें। बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन प्रकरणों के निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और वास्तविक लाभार्थियों तक लाभ पहुंचने की समीक्षा की गई. सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ।

**************************

राजधानी रांची से साहेबगंज के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के मिसिंग क्षेत्र में फोरलेन और सिक्सलेन सड़क निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने सहायता करने का आश्वासन दिया है। नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में कल हुई बैठक में राजमहल से पश्चिम बंगाल के मानिक चक तक गंगा नदी पर पुल निर्माण के प्रस्ताव पर विचार कर डीपीआर बनाने का निर्देश दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने झाखंड और सीमावर्ती राज्यों में खनन और औद्योगिक गतिशीलता के लिए प्रस्ताव बनाकर पीएम गति शक्ति पोर्टल पर डालने का निर्देश राज्य के पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को दिया है।

**************************

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण और देश के दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कुपोषण का उन्मूलन आवश्यक है। नई दिल्ली में एक सम्मेलन में श्री गोयल ने कहा कि कुपोषण जटिल चुनौती है और इसके लिए समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता है।

**********************

प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक उपयोग और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली रोगाणुरोधी प्रतिरोध की समस्या के प्रति आगाह किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में वर्धमान महावीर चिकित्सा महाविद्यालय और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बंसल ने कहा कि डॉक्टर की सलाह से एंटीबायोटिक्स दवाओं का उपयोग करें।

**********************

साहिबगंज में अवैध खनन की जांच के लिए सीबीआई की विशेष टीम पहुँची और संबंधित मामलों की गहन पड़ताल शुरू की। छह अधिकारियों की यह टीम अवैध खनन से निकाले गए खनिजों के मूल्यांकन सहित अब तक करीब 100 करोड़ रुपये के अवैध खनन की पुष्टि कर चुकी है और जांच का दायरा संबंधित अधिकारियों तथा प्रभावशाली लोगों तक बढ़ाया गया है। उच्च न्यायालय के आदेश पर हो रही इस जांच में सीबीआई ने साहिबगंज के डीटीओ समेत कई अधिकारियों से पूछताछ तेज कर दी है।

**********************

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रिम्स की अधिग्रहित जमीन पर हुए बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। झारखंड हाईकोर्ट के सख्त आदेश के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**********************

शिक्षा व्यवस्था में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए रांची में आज से राष्ट्रीय बहुभाषी शिक्षा कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में देश भर से शिक्षाविद शामिल होंगे । कॉन्क्लेव का उदघाटन विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे।

**********************

नालसा और झालसा के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिले में 12 जनवरी तक सघन रूप से नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरूआत 5 जनवरी को नशा उन्मूलन जागरूकता रैली निकालकर की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ,डालसा जमशेदपुर के सचिव कुमार गौरव त्रिपाठी ने बताया कि नालसा स्कीम 2025 (ड्रग फ्री इंडिया) के तहत सप्ताह व्यापी नशा उन्मूलन अभियान की शुरुआत हुई है। इसके तहत कई कार्यक्रमों द्वारा नशा मुक्ति को लेकर आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है

**********************

जामताड़ा जिले में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रवि आनंद ने बारी–बारी से 50 पीड़ित व्यक्तियों की समस्याएं सुनी और निदान की दिशा में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कई समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट भी किया गया।

**********************

देवघर जिले के साइबर थाने की विशेष टीम ने पथरड्डा ओपी क्षेत्र के सुराभूरा जंगल में छापेमारी कर पांच साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी कृषि अधिकारी बनकर योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे।

**********************

राज्य में कोहरा और कनकनी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग में गढ़वा, पलामू, धनबाद समेत कई जिलों में आज भी शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**************************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित विदेश दौरे की समीक्षा बैठक और जेपीएससी परीक्षा कैलेंडर की खबर को प्रमुखता दी है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है–रांची–साहिबगंज एक्सप्रेस ने और 4 स्पीड कॉरिडोर बनेंगे ।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है–रिम्स की जमीन पर कब्जा मामले में एसीबी ने दर्ज की एफआईआर

**प्रभात खबर** ने लिखा है–ऑक्सफोर्ड में सीएम हेमंत देंगे व्याख्यान।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– आठ मार्च को होगी जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा।